RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (11 नवंबर)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-11

- **मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई:** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने गुवाहाटी में कोर्ट्स ऑफ इंडिया: पास्ट टु प्रेजेंट नामक पुस्तक के असमिया संस्करण का विमोचन किया। उन्होंने इसे न्याय के स्थापत्य की संज्ञा दी। सर्वोच्च न्यायालय के प्रकाशन डिविज़न की ओर से प्रकाशित इस पुस्तक का अनुवाद संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी क्षेत्रीय भाषाओं में कराने का न्यायालय ने निर्णय लिया था। सबसे पहला अनुवाद असमिया भाषा में भारतबोर्षोर अदालतखोमूह: ओतीतोर पोरा बोर्तोमानोलोई शीर्षक से मुद्रित हुआ है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुस्तक में भारतीय न्यायिक पद्धति की बहुत शानदार ढंग से व्याख्या की गई है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि कानून के विद्यार्थियों को इसका अध्ययन अवश्य करना चाहिये।
- **भारत ने बांग्लादेश को हराकर सीरीज़ जीती:** भारत और बांग्लादेश के बीच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज़ का आखिरी मुकाबला खेला गया, जिसे भारतीय टीम ने 30 रनों के अंतर से जीत लिया। मैच के साथ-साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की T20 सीरीज़ भी 2-1 से अपने नाम कर ली। टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 174 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 144 रन बना सकी और मैच 30 रन से और सीरीज़ 2-1 से हार गई। भारत के लिये दीपक चाहर ने सात रन देकर छह विकेट लिये। इसी के साथ वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा, वह एक मैच में पाँच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं।
- **पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन:** रविवार को देश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन का निधन हो गया। 87 वर्ष के शेषन ने कार्डियक अरेस्ट के बाद चेन्नई में अंतिम सांस ली। भारत के 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन का पूरा नाम तिरुनेलै नारायण अय्यर शेषन था। उल्लेखनीय है कि वे 12 दिसंबर, 1990 से 11 दिसंबर, 1996 तक इस पद पर रहे थे। टीएन शेषन का जन्म 15 दिसंबर 1932 को केरल के पलक्कड़ ज़िले में हुआ था। टीएन शेषन ने वर्ष 1990 से लेकर वर्ष 1996 तक मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाला और इस दौरान उन्होंने भारतीय चुनाव प्रणाली में कई बदलाव किए। मतदाता पहचान पत्र की शुरुआत भी भारत में उन्हीं के द्वारा की गई थी। वर्ष 1996 में उन्हें रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

- **सचिन के नाम पर मकड़ी की नई प्रजाति:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम अब क्रिकेट के अलावा मकड़ी के नाम से भी जुड़ गया है। गुजरात इकोलॉजिकल एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के एक जूनियर शोधकर्त्ता ने सचिन के नाम पर मकड़ी की नई प्रजाति का नाम रखा है। शोधकर्त्ता ने मकड़ियों की दो नई प्रजातियों की खोज की है और उनमें से एक का नाम 'मारेंगो सचिन तेंदुलकर' रखा है। इसके अलावा अन्य मकड़ी को इंडोमारेंगो चवारापटेरा नाम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 'मारेंगो सचिन तेंदुलकर' प्रजाति की मकड़ी केरल, तमिलनाडु और गुजरात में पाई जाती है, जबकि इंडोमारेंगो चवारापटेरा प्रजाति की मकड़ी एक एशियाई जंपिंग स्पाइडर है तथा केरल में पाई जाती है।
- **'केजीएमयू एफएम रेडियो':** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में फरवरी 2020 से FM रेडियो शुरू होने जा रहा है, जिसे 30 किलोमीटर के दायरे में सुना जा सकेगा। शुरू में शाम पाँच बजे से रात नौ बजे के बीच चलने वाले केजीएमयू के इस एफएम रेडियो से बाद में रोज़ाना 12 घंटे तक उपयोगी कार्यक्रमों का प्रसारण करने की योजना है। FM रेडियो के ज़रिये गंभीर बीमारियों के शिकार मरीज़ों को जल्द स्वस्थ होने का संदेश दिया जाएगा।